पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, जयपुर, राजस्थान

बी-19,मधुकर भवन ,न्यू कालोनी ,एम.आई .रोड ,जयपुर -३०२००१

(पंजीयन -coop/2019/jaipur/104513)अणुडाक- deendayalupadhyaysmriti@gmail.com

प्रो.मोहनलाल छीपा	**प्रतापभानु शेखावत**
अध्यक्ष	सचिव
मोबाइल -9425018651 ,	मोबाइल -9214301309 **दिनांक -15-09-2022**

विषय - पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106 वीं जयंती समारोह के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर पीएच.डी. उपाधि प्राप्त शोधार्थियों का सम्मान करने बाबत |

महोदय /महोदया ,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106 वीं **जयंती समारोह कार्यक्रम** का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, जयपुर, द्वारा 25 सितम्बर 2022,रविवार को सायं 4.00 बजे धानक्या (जयपुर) स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर किया जा रहा है | इस जयंती समारोह के मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी , विशिष्ट अतिथि उद्योगपति एवं समाज सेवी श्री विनय चोरडिया,पूर्व केन्द्रीय मंत्री.उप-मुख्यमंत्री मणिपुर ,अध्यक्ष भाजपा मणिपुर टी.चाहोबा सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रमेश अग्रवाल (अस्थि रोग विशेषज्ञ) माननीय क्षेत्र संघचालक,राजस्थान करेंगे | आपको यह जानकार प्रसन्नता होगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति ने इस **जयंती समारोह** के अवसर पर आप जैसे शोधार्थियों का सम्मान करने का निश्चय किया है जिन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन पर किसी विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की हो |आपसे आग्रह है कि अपनी पीएच.डी.सम्बंधित जानकारी भेजने का कष्ट करें | आपसे यह भी आग्रह है कि 25 सितम्बर 2022 को प्रातः 11.00 बजे तक जयपुर में **सेवा सदन, सहकार मार्ग,सहकार लेन,लालकोठी योजना,**पंहुचने का कष्ट करे|जयपुर से धानक्या 25 कि.मी.है ,अत:जयपुर से लाने-लेजानेकी,आवासएवंभोजन की व्यवस्था हमारे द्वारा की जाएगी |
आपसे आग्रह है कि अपने शोध प्रबंध की एक प्रति साथ लाने का कष्ट करे जिससे कि समिति द्वारा उसे स्मारक के पुस्तकालय में रख कर भावी शोधार्थियों को लाभान्वित किया जा सके |कृपया अपने यात्रा कार्यक्रम की शीघ्र ही जानकारी भेजने का कष्ट करें | इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी श्री अक्षांश भारद्वाज(7665331113) से प्राप्त कर सकते हैं |

भवदीय

(प्रो.मोहन लाल छीपा)